**प्रेस विज्ञप्ति**

**राज भवन, राँची**

**दिनांक : 11 अगस्त, 2025 :-**

**(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार को राज्य सरकार द्वारा स्वतंत्रता दिवस-2025 के अवसर पर मोरहाबादी में ध्वजारोहण करने हेतु प्रस्ताव दिया गया था, जिस पर उन्होंने अपनी स्वीकृति प्रदान कर दी है।**

**अतः इस वर्ष मोरहाबादी में आयोजित स्वतंत्रता दिवस के राजकीय समारोह में राज्यपाल महोदय ध्वजारोहण करेंगे। विदित हो कि परंपरा के अनुसार प्रत्येक वर्ष स्वतंत्रता दिवस पर माननीय राज्यपाल उप राजधानी दुमका में तथा माननीय मुख्यमंत्री मोरहाबादी में ध्वजारोहण करते हैं।**

**(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार ने झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री दिशोम गुरु शिबू सोरेन जी के सम्मान में राज भवन में प्रति वर्ष स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य पर आयोजित होने वाले 'At Home कार्यक्रम' को इस वर्ष आयोजित नहीं करने का निर्णय लिया है।**